## » न्यूज गैलरी

### सेन परिवार द्वारा 13 को निकाली जाएगी कांवड़ यात्रा

**जबलपुर,यशभारत।** सेन परिवार द्वारा ग्वारीघाट से 13 अगस्त की सुबह 10 बजे से कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि शुक्रवारी बजरिया हनुमानाल मुठिया बाबा शुक्रेश्वर महादेव मंदिर में जाकर समाप्त होगी। उक्त जानकारी भोलेशंकर सेन, श्याम सुंदर सेन, नरेंद्र चंचल सेन, महेंद कुमार नमन, छोटू श्रीवास, पलक सेन, प्रियांशी ने दी है।

### 13 से 15 अगस्त तक चलेगा तिरंगा अभियान



**जबलपुर,यशभारत।** जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएं। विदित हो कि शासन द्वारा नागरिकों को अपने घरों में भारतीय राष्ट्रीये ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का शंखनाद किया गया है। इस अभियान के पीछे का विचार लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और उन्हें भारत की यात्रा और इस महान राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने वालों की याद दिलाना है।

### फीडबैक बढ़ाने के प्रयासों में नगर निगम ने लाई तेजी

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए निगम द्वारा नागरिक फीडबैक बढ़ाने के प्रयासों में तेजी लाई गयी है । निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शहर की स्वच्छता में परिलक्षित सुधार पर अपना अभिमत दें । निगमायुक्त ने कहा कि शहरवासी अपने मोबाइल से एसबीएम अरबन फीडबैक सर्च करने पर लिंक खोले व सर्वे में अंत में अपना नंबर डालें जिसे भरकर ओटीपी डालकर सबमिट कर दें । विदित हो कि नगर निगम द्वारा शहर के प्रमुख सभी स्थानों एंव मोहल्लों में स्वच्छता को लेकर टीम तैनात की गई है।

### सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

**जबलपुर,यशभारत।** पनागर थानांतर्गत ग्राम छितरी में 70 वर्षीय पच्चो बाई नामक महिला को बीती रात जहरीले सांप ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए जांच शुरू कर दी है।

बारिश के दौरान जिले में बढ़े सर्पदंश के मामले, जिला अस्पताल विक्टोरिया में 700 एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध

# इलाज के बजाय झाड़फूंक के चक्कर में गवां रहे जान

विवेक दुबे

**जबलपुर,यशभारत। जबलपुर जिले में बारिश के मौसम में सर्पदंश के मामलों में बढ़ोत्तरी आई है। जिस दौरान कुछ लोग इलाज के दौरान अपनी जान गंवा चुके हैं तो कई ग्रामीणों की जानें झाड़फूंक के चक्कर में पड़ने के कारण जा चुकी हैं। उधर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार डॉक्टर बार-बार जागरूकता फैला रहे हैं कि सर्पदंश के बाद तत्काल डॉक्टर के पास जाया जाए। लेकिन लोग मानने तैयार नहीं हैं। डॉ. मनीष मिश्रा सिविल सर्जन जिला अस्पताल विक्टोरिया ने यशभारत को बताया कि सर्पदंश के मामलों में जागरूकता बहुत जरूरी है। वर्तमान में जिला अस्पताल विक्टोरिया में 700 एंटी स्नेक वेनम स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों के इलाज के लिए रखे गए हैं।**





### कुछ इस तरह है आंकड़े...

जानकारी के अनुसार अभी बारिश के मौसम में जबलपुर जिले में सर्पदंश के रोजाना 5 से 7 केस सामने आ रहे हैं जिनमें कई मरीज मेडिकल कॉलेज अस्पताल तो कई मरीज जिला अस्पताल विक्टोरिया पहुंच रहे हैं। डॉ. मनीष मिश्रा सिविल सर्जन जिला अस्पताल विक्टोरिया ने बताया कि बीते 2 माह में जिला अस्पताल में आए सर्पदंश के 25 मरीजों को स्वस्थ करके घर भेजा जा चुका है। विदित हो की विगत कुछ दिन पहले सिहोरा के ग्राम बरकेड़ा निवासी 22 वर्षीय छोटेलाल को रात में सांप ने डस लिया था जिसके बाद उसके परिजन उसकी झाड़फूंक करवाते रहे और अंत में उसकी मौत हो गई।

### सांप के डसने के बाद यें करे...

विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार अगर किसी को सांप काट ले तो उस अंग को ज्यादा नहीं हिलाना चाहिए और जिस जगह पर सांप ने डसा है उसे तत्काल कपड़े से बांध लें फिर खुद बिना कोई इलाज किए बगैर सीधे नजदीकी अस्पताल जाएं जहां पर एंटी वेनम डोज लगवाएं।

> –बारिश के मौसम में सर्पदंश के केस बढ़ते हैं ऐसे में लोगों को खेत से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। खप्परों में सांप कई बार छिपे रहते हैं इसलिए घरों की खप्पर निकालते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। सर्पदंश के बाद खुद न इलाज करके सीधे नजदीकी अस्पताल जाएं और वहां डॉक्टर के माध्यम से ही एंटी स्नेक वेनम का डोज लगवाएं।
>
> **—डॉ. मनीष मिश्रा, सिविल सर्जन, विक्टोरिया अस्पताल**



## स्कूली बच्चों के द्वारा कलाकृतियां बनाकर शहर में दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश

**नगर निगम के साथ ओम सांई विजन की टीम के द्वारा किया जा रहा प्रयास**

जबलपुर,यशभारत। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की गतिविधियों ने शहरवासियों को अवगत कराकर नगर निगम द्वारा स्वच्छता का संदेश देने विविध आयोजन किए जा रहे हैं। जिसके तहत स्कूलों में स्वच्छता प्रतियोगिताएं भी आयोजित कीं जा रहीं हैं। जिनमें जिंगल, पोस्टर, शॉर्ट, मूवी, स्ट्रीट, प्ले आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी ने बताया कि नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम साईं विजन की टीम के माध्यम से शहर के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 57 महर्षि महेश योगी वार्ड के फर्स्ट स्टेप प्ले जूनियर स्कूल में निंबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस मौके पर नोडल अधिकारी ने शहरवासियों से अपने-अपने घरों में डस्टबिन रखने के साथ कचरा संग्रहण वाहन में अलग-अलग कचरा डालने की अपील की है।

## गौरीघाट से निकली भव्य कांवड़ यात्रा, पूर्व आयुक्त ने किया स्वागत

**जबलपुर,यशभारत। श्रावण मास के पावन अवसर पर जगह-जगह कांवड़ यात्रा निकली जा रही हैं। इसी श्रृंखला में महिला मंडल द्वारा कांवड़ यात्रा गौरी घाट से रामपुर स्थित चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर तक निकाली गई। जहां पर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा भगवान भोले शंकर को गौरीघाट से लाया हुआ जल अर्पित किया गया।**



इस कावड़ यात्रा में इससे पहले ग्वारीघाट रोड पर पर स्थित चंडी माई मंदिर के पास पंडित वेद प्रकाश शर्मा पूर्व आयुक्त के द्वारा मंच लगाकर समस्त कावड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कांवड़ियों के साथ आयुक्त वेद प्रकाश शर्मा और हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान चंद्रमौलेश्वर महादेव मंदिर में आकर जल अर्पित किया। इस अवसर पर कमलेश शर्मा ,प्रकाश चौधरी ,संपत चौधरी , प्रशांत दुबे ,गौरव नेमा ,महिला मंडल की सदस्य और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित करने के बाद भगवान का पूजन अर्चन कर प्रसाद वितरित किया गया।

नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ ने निगमायुक्त से की मांग

## कर्मचारियों को प्रदान किया जाए अग्रिम गल्ला

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के नियमित व विनियमित कर्मचारियों को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अग्रिम गल्ला प्रदान करने की मांग को लेकर नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा ने निगमायुक्त स्वप्निल वानखेड़े को ज्ञापन सौंपा। संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व समीप ही है। हर वर्ष नगर निगम द्वारा कर्मचारियों को अग्रिम गल्ला प्रदान किया जाता रहा है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, गुलशन जबलपुरी, रामाराव मगरदे, नरसिंह मालू, जगदीश नन्हेट, राजेन्द्र पटेल, मन्नू पटैल, संतोष गौतम, प्रहलाद बर्मन, रामप्रसाद चौधरी, महेन्द्र मलिक, सोनू (सतीश) विश्वकर्मा, सहित अन्य उपस्थित रहे।





## वृद्धों की परेशानियां दूर करने आयोजित किया गया शिविर

**जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई मनकक्ष का आयोजन**

**जबलपुर,यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वस्थ मन स्वस्थ तन अभियान के तहत जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई मनकक्ष द्वारा मदनमहल नागपुर रोड स्थित निराश्रित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की विभिन्न प्रकार की सामाजिक ,मानसिक ,भावनात्मक और शारीरिक समस्याओं को लेकर शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं क्षेत्रीय संचालक डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुए शिविर के दौरान मानसिक स्वास्थ्य रोगों के परीक्षण,उपचार और परामर्श की स्वास्थ्य सेवाएं दी गई । शिविर में मुख्य अतिथि आश्रम की वयोवृद्ध समाज सेवी रामकली शर्मा रहीं जिन्होंने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ रत्नेश कुररिया ने बताया कि वृद्धों को किसी भी प्रकार की मानसिक या भावनात्मक समस्या होने पर वे टोल फ्री नंबर 14416 या 18008914416 पर कॉल कर टेली मानस केन्द्र में संपर्क करें । परामर्श सेवा प्रतिदिन 24*7 उपलब्ध हैं ।शिविर में नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ मनोरोग विशेषज्ञ डॉ रत्नेश कुररिया,जिला मीडिया अधिकारी अजय कुरील,डॉ विद्यारत्न बरकड़े, साइकोलॉजिस्ट रिया हरचंदानी, एपीएम संदीप नामदेव,रविशंकर कोष्ठा,विकास श्रीवास्तव, निशांत,अनिल दुबे,ग्रेसी पीटर, अनिता यादव, रीतू जायसवाल के साथ चिकित्सीय स्टॉफ उपस्थित रहा ।

## आदिवासियों पर अत्याचार हुए तो अब सहा नहीं जाएगा- आदिवासी महासंघ

**गौरव दिवस के रूप में मनाया विश्व आदिवासी दिवस**

जबलपुर,यशभारत। अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। अधारताल तिराहे पर बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल के समक्ष सभी पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर मणिपुर की घटना के प्रति और मध्यप्रदेश में भाजपा के शासनकाल के दौरान महिलाओं के उपर हो रहे अत्याचार के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया। मप्र में आदिवासियों पर कई अत्याचार हो रहे हैं जिसे समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। अखिल भारतीय आदिवासी शबरी महासंघ के पदाधिकारियों ने बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल पर शपथ ली कि अब आदिवासियों के उपर किसी भी अत्याचार को नहीं सहा जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया ,रोशन लाल कोल, जेठू लाल कोल, भैया लाल गोंटिया, सुमित्रा गोंटिया ,अनीता गोंटिया ,रोमा गोंटिया ,राजकुमार गोंटिया ,बलबीर गोंटिया, अमृतलाल , राजू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।



लोककर्म विभाग के अधिकारियों की बैठक में महापौर ने दिए कई अहम निर्देश

# शहर की सड़कों में कहीं भी दिखाई न दें गड्ढेः महापौर



**जबलपुर,यशभारत।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और वर्षा जल निकासी व्यवस्था को सुव्यवस्थित कराने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने लोककर्म विभाग के कार्यो की समीक्षा की और प्रचलित एवं प्रस्तावित विकास कार्यो की प्रगति संबंधी सूची तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को आवागमन करने में कोई कठिनाई न हो इस बात को बहुत अधिक प्राथमिकता देते हुए शहर के सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त रखें। बैठक के दौरान महापौर ने एक-एक बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए बताया कि शहर में पूर्व में स्वीकृत हुई बड़ी एवं छोटी सड़को नाले-नालियों के कार्य जो शुरू हो चुके है या शुरू होना है साथ ही चालू कार्य बीच में रोक दिये गये है। ऐसे समस्त कार्यो की जानकारी प्रदान करें। उन्होंने पार्षद मद के साथ अन्य मदों के अंतर्गत शहर में संचालित अद्योसंरचना एवं विकास के कार्यो में तेजी लाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

### रेलवे अंडर ब्रिज के पास सकरे नाले को चौड़ा करने होंगे प्रयास

समीक्षा बैठक में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने रेल्वे अंडर ब्रिज के पास सकरे नाले को चौड़ा करने की दिशा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए रेल्वे प्रशासन से समन्वय बनाने के लिए लोककर्म विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है, साथ ही यह भी निर्देश दिये है कि यह कार्य शीघ्र कराया जाये ताकि वर्षा जल निकासी की व्यवस्था सुगम हो और जल प्लावन की स्थिति न बन पाए। बैठक में मनीष पटैल (प्रभारी लोककर्म विभाग), अजय शर्मा, अदित्य शुक्ला, आर. के. गुप्ता, शैलेन्द्र मिश्रा सहित समस्त डी.ई. उपस्थित रहे।



## निवाड़गंज के प्राचीन कुआं की सफाई शुरू

**क्षेत्रीय पार्षद हर्षित के प्रति लोगों ने जताया आभार**

**जबलपुर,यशभारत।** 20 सालों के बाद महात्मा गांधी वार्ड गल्ला बाजार निवाड़गंज के प्राचीन कुआं की सफाई का कार्य क्षेत्रीय पार्षद हर्षित यादव के प्रयासों से कराया गया जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों और व्यापारियों ने पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिकों ने पार्षद से यह मांग भी कि क्षेत्र में हैडपंप या समर्शियल पंप लगाकर कुआं को जीवित रखा जाए। जिससे लोगों को स्वच्छ पानी मिल सके। और प्राचीन कुआं का संरक्षण किया जा सके। विदित हो कि क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद से मांग की थी कि गल्ला बाजार निवाड़गंज के प्राचीन कुआं गंदगी से भरा पड़ा है जिसकी सफाई बहुत जरूरी है जिसके बाद उक्त सफाई कराई गई। सफाई कर्मियों के द्वारा कुआं में सफाई का काम पिछले 3 दिन से लगातार जारी है।

## स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई रैली

**स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजय नगर के 2 एम पी नेवल यूनिट एनसीसी कैडेट छात्रों का प्रदर्शन**

**जबलपुर,यशभारत। स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, विजय नगर के 2 एम पी नेवल यूनिट एनसीसी कैडेट छात्रों के समूह ने वोकल फॉर लोकल पहल को बढ़ावा देने के लिए एक रैली निकाली ।**



इस रैली के आयोजन उद्देश्य, स्थानीय व्यवसायों और उत्पादों का समर्थन करते हुए, इसके महत्व के बारे में जनता में जागरूक करना था। रैली में शामिल हुए छात्रों ने हुए केंट क्षेत्र में सड़कों पर मार्च किया। इस रैली के माध्यम से कैडेट छात्रों ने आत्मनिर्भरता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के प्रति उनके समर्पण को प्रदर्शित किया, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है । छात्रों के इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्टेमफील्ड इंटरनेशनल संस्था की चेयरपर्सन मधु जायसवाल ,संचालक पर्व जायसवाल, डायरेक्टर सुप्रिया जायसवाल एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर शाखा की प्रधानाचार्या मनमीत कोहली जी ने सराहना की।









## » न्यूज गैलरी

### काशी यात्रा के लिये लॉटरी से हुआ तीर्थ यात्रियों का चयन

**जबलपुर यशभारत।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जबलपुर काशी की तीर्थ यात्रा पर जाने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों के चयन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के कक्ष में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आशीष शुक्ला द्वारा प्रभारी अधिकारी धर्मस्व शाखा की उपस्थिति में सम्पन्न कराई गई। जिला सूचना अधिकारी आशीष शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना काशी की तीर्थ यात्रा पर जाने के लिये 173 वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन प्राप्त हुये थे। इनमें से कंप्यूटराइज्ड लाटरी ;रेंड्माइजेशनद्ध की प्रक्रिया से 150 यात्रियों का चयन किया गया। इनके अलावा दस प्रतिशत रिजर्व ;15 सीटद्ध का चयन भी रेंड्माइजेशन की प्रक्रिया से किया गया। इस प्रकार कुल 150 एवं 15 रिजर्व मिलाकर 165 तीर्थ यात्रियों का चयन कम्प्यूटराईज्ड लॉटरी सिस्टम से किया गया। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत जबलपुर से 18 अगस्त को काशी की तीर्थ यात्रा पर विशेष ट्रेन रवाना होगी। इस ट्रेन में जबलपुर जिले के तीर्थ यात्रियों लिये 150 सीटें आरक्षित की गई है।

### स्वस्थ मन-स्वस्थ तन थीम पर जागरूकता शिविर संपन्न

**जबलपुर यशभारत।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत स्वस्थ मन.स्वस्थ तन अभियान अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई ष्मनकक्षष् द्वारा वृद्धजन मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर निराश्रित वृद्ध आश्रम में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य की जागरूकता के लिए ष्स्वस्थ मनदृस्वस्थ तनष् थीम पर मई से सितंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं क्षेत्रीय संचालक डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित मदन महल स्थित निराश्रित वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों की विभिन्न प्रकार की सामाजिकए मानसिकए भावनात्मक और शारीरिक समस्याओं को लेकर यह शिविर आयोजित की गई। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य रोगों के परीक्षणए उपचार और परामर्श की स्वास्थ्य सेवाएं वृद्धजनों को दी गई। कार्यक्रम की मुख्यि अतिथि आश्रम की वयोवृद्ध समाज सेवी श्रीमती रामकली शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### एनडीआरएफ टीम ने चलाया क्षमता निर्माण कार्यक्रम

**जबलपुरए यशभारत।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत एनडीआरएफ वाराणसी की 11 वीं वाहिनी ने आज शुक्रवार को होमगार्ड कार्यालय में आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य के संचालन पर प्रशिक्षण दिया तथा दामिनी तथा सचेत मोबाइल ऐप के इस्तेमाल के सबन्ध में भी जानकारी दी गई । इस दौरान टीम का नेतृत्व तथा कार्यक्रम का संचालन 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी के निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में नीरज सिंह ठाकुर भी उपस्थित थे ।

# कर्मचारी बेपरवाह, शहर में जगह-जगह दिख रहा कचरा

**जबलपुर यशभारत।** तीन करोड़ रुपए की तनख्वाह प्रति माह लेने वाले तीन हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी शहर को स्वच्छ नहीं कर पा रहे हैं। 540 कचरा वाहनों का सेटअप होने के बाद भी शहर की नालियों की सफाई नहीं होने से भरने वाला पानी, व्यावसायिक, रहवासी क्षेत्रों में कचरे का फैलाव की समस्या स्वास्थ्य कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को उजागर कर रही है। जानकार कहते हैं कि स्वास्थ्य विभाग के जोन सुपरवाइजरों की मनमानी से व्यवस्थाएं चौपट हो रही है, निगरानी करने वाले अफसर गोलमोल जवाब दे रहे हैं।



### सफाई में लगे वाहन और मशीनें

डम्फर, टैक्टर टॉली, टिपर, जेसीबी, मिनी ट्रक, मिनी हितैची, कॉन्वेक्टर, हुकलेंडर, कैप्सूल, झाडू गैंग, रिक्शा, हैंड गार्ड

### तीन करोड़ वेतन

नगर निगम की व्यवस्था के मुताबिक हर माह सफाई के लिए कर्मचारियों को तीन करोड़ बतौर पगार दिया जा रहा है। इसमें नियमित कर्मचारियों को करीब ढाई करोड़ रुपए, संविदा पर काम करने वालों को करीब 35 लाख रुपए तन्ख्वाह दी जाती है। इसके अलावा प्रत्येक वार्ड में सफाई के लिए ठेका है। ठेके में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है, जिसमें डॉपिंग स्टेशन से शाम को गाडियां नाम को निकल रही है।

### सफाई व्यवस्था चौपट

बाजार, रहवासी क्षेत्र सहित अन्य इलाकों की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई है। इन जगहों पर सफाई के माकूल इंतजाम नहीं है, जिससे जगह-जगह कचरे नजर आ रहा है। डोर टू डोर गाडियों के नियमित नहीं होने की वजह से रहवासी क्षेत्रों की तो गत बन गई है, जहां दो-दो दिन कचरा पड़ा रहता है। कचरे की वजह से क्षेत्र में आवारा जानवरों का जमावड़ा भी होने लगा है। क्षेत्रीय लोग कहते हैं कि कचरा नहीं उठने से बारिश के दिनों इस पर पानी पडऩे से क्षेत्र में दुर्गंध हो रही है। आवारा जानवरों का जमघट हो रहा है।

### प्रत्येक वार्ड में 25 सफाई मित्र

शहर के 79 वार्डों की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या के मुताबिक औसतन 25 कर्मचारी प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था के लिए है। निगम के 16 जोनों में कर्मचारियों की संख्या के मुताबिक प्रत्येक जोन में करीब 125 कर्मचारी तैनात किए जाते हैं। 303 डोर टू डोर वाहनों से शहर में ढोया जा रहा है कचरा, जिसमें नगर निगम के 96 वाहन हैं शामिल है।

## अवैध रेत ले जाते वक्त पकड़े गए दो ट्रेक्टर

**जबलपुर, यशभारत।** गोसलपुर पुलिस ने अवैध रेत का परिवहन करने पर दो ट्रेक्टर चालक को गिरफ्तार करते हुए वाहन जब्त किए हैं। थाना प्रभारी गोसलपुर आदर्श कांत शुक्ला ने बताया कि सूचना मिली कि लाल रंग का बिना नम्बर का महिन्द्रा टेक्टर जिसकी ट्राली मे अवैध रेत लोड है, परिवहन कर रमखिरिया आलगोड़ा तरफ से आ रहा है। दबिश दी गई तो और बिना नम्बर महिन्द्रा ट्रेक्टर को रोककर चालक से नाम पता पूछा गया तो अखिलेश कोल उम्र 20 वर्ष निवासी मनसकरा बताया, टैक्टर ट्राली में लोड रेत के संबंध में पूछताछ करने पर कोई रायल्टी नहीं होना बताते हुये रमखिरिया स्टाक से रेत भरकर सिहोरा निवासी राजा दुबे के स्टाक में ले जाना बताया आरोपी के कब्जे ट्रेक्टर ट्राली मय रेत के जप्त किया गया। इसी तरह घाट सिमरिया पुल के पहले बिना नम्बर का महिन्द्रा टेक्टर जिसमे लगी ट्राली में रेत भरी हुयी थी को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर चालक ने अपना नाम दीपक कोल उम्र 23 वर्ष निवासी मनसकरा बताया, रेत के संबंध में पूछताछ करने पर कोई रायल्टी नहीं होना बताते हुये रमखिरिया स्टाक से रेत भरकर सिहोरा निवासी राजा दुबे के स्टाक में ले जाना बताया। आरोपी के कब्जे ट्रेक्टर ट्राली मय रेत के जप्त किया गया। थाना गोसलपुर में दोनों ट्रेक्टर चालकों के विरूद्ध प्रथक प्रथक धारा 379, 414 भादवि तथा 4/21 खान खिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## हादसों ने दिया जिंदगीभर का दर्द फिर भी सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी



**जबलपुर यशभारत।** हादसे में अपाहिज होने के बाद कई लोगों को जिंदगीभर का दर्द मिला। कई परिवारों की जिंदगियां तबाह हो गई। किसी और के हिस्से में दर्द न आए, इसके लिए न तो किसी ने सोचा, न कोई प्रयास किए। नेशनल हाइवे का खजरी खिरिया बाइपास पर हादसों का क्रम बदस्तूर जारी है। नेशनल हाइवे बनने के बाद वाहनों की रफ्तार जिस तेजी से बढ़ी, उसी तेजी से यहां होने वाले हादसों का ग्राफ भी बढ़ा है।

### केस-01

बनियाखुर्द निवासी सुरेश कुमार बेटे अभि (13) को फरवरी में बाइक में लेकर जा रहे थे। खजरी-खिरिया बाइपास पर पीछे से आ रहे हाइवा ने बाइक सवारों को रौंद दिया। हादसे में सुरेश कुमार और उनके बेटे अभि की मौके पर मौत हो गई। सड़क किनारे खड़ी महिला के सिर पर चोट आई। सुरेश का शव हाइवा में फंसकर 200 मीटर तक घिसट गया।

### केस-02

पिछले साल अगस्त में खजरी-खिरिया बाइपास के पास तेज रफ्तार स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार बच्चों की चीख-पुकार मच गई। बस में 25 बच्चे सवार थे। सामने से अचानक एक वाहन आ जाने के कारण बस चालक ने बस मोड़ी और इसी के चलते हादसा हुआ था।

### हादसे रोकने में नाकाम

नेशनल हाइवे से शहर में प्रवेश का यह अहम मार्ग है। यह रोड गोहलपुर थाने के बाजू में निकलता है। स्मार्ट सिटी ने नेशनल हाइवे मोड़ पर निर्माण कार्य कराया गया। लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन इस जगह पर हादसे न हो, इसके लिए एक चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाया गया। जिस कारण यहां हादसे रोकने में सभी एजेंसियां पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही हैं।

## मदार टेकरी में बच्चा चोरी की घटना से हड़कंप

**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल थाना अंतर्गत मदार टेकरी क्षेत्र में बच्चा चोरी की खबर से हड़कंप मच गया। स्थानीय जनों ने बच्चा चोरी के आरोपी युवक को पकड़कर पहले पीटा फिर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की माजंच कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंडी मदार टेकरी के पास किशन चौधरी अपने परिवार के साथ रहते है। गुरुवार की दोपहर को जब किशन का तीन साल का नाती घर के बाहर खेल रहा था। तभी एक युवक अचानक उनके घर के पास पहुंचा और बच्चे को उठाकर भागने लगा। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर उसकी मां बाहर आ गई, उसने देखा एक युवक उसके बच्चे को लेकर भाग रहा है, जिसके बाद महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर भीड़ इकट्ठा हो गई और युवक को जमकर पीटा। बच्चे के दादा किशन ने बताया कि युवक कौन है कहा का रहने वाला नही जानते है। मौके पर पहुंच हनुमानताल थाना पुलिस ने युवक का हिरात में लिया और पूछताछ में जुटी है।



## पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर पुलिस ने ब्रजमोहन नगर पर एक युवक को पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी गोरखपुर अरविंद चैबे ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि टेण्डर 2 ब्रजमोहन नगर निवासी अनुज रैकवार उर्फ तनु अपने हाथ में पिस्टल लेकर लहराते हुये हाथीताल रेल्वे क्रासिंग के पास घूम रहा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना गोरखपुर टीम द्वारा दबिश दी तो आरोपी ने भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसने नाम पता पूछने पर अपना नाम अनुज रैकवार उर्फ तनु उम्र 19 वर्ष निवासी टेण्डर 2 बृजमोहन नगर रामपुर बताया, जिसके हाथ में ली हुई पिस्टल को कब्जे मे लेकर पिस्टल को चैक करने पर मैगजीन में एक कारतूस लोड मिला आरोपी के कब्जे से देशी एक पिस्टल एवं एक कारतूस जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त देशी पिस्टल कहाँ से और कैसे प्राप्त की कि सम्बंध में पूछताछ की जा रही है।

# अवैध कब्जे से मुक्त कराई 157 एकड़ जमीन को लावारिस छोड़ा, उद्यान बने तो बदले रंगत

नीरज उपाध्याय

**जबलपुर यशभारत।** भोपाल हाइवे पर ग्राम खैरी में गोबच्छा घाट से लगी 157 एकड़ सरकारी भूमि के उपयोग की योजना अभी तक नहीं बनी है। बेशकीमती भूमि पर वषोज़्ं तक कब्जा रहा। जिला प्रशासन उसे खाली कराया है। एमपीआइडीसी कई वषज़् से इसे लैंड बैंक के रूप में रखे है। यहां सैकड़ों पेड़ पौधे लगे हैं। यहां बड़ा उद्यान विकसित कर लोगों को सौगात दी जा सकती है।




**नर्मदा का किनारा**-खैरी में में नमज़्दा नदी का किनारा मनोरम है। इस जगह को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर से खाली कराया गया था। प्रोफेसर एमए खान ने 50 एकड़ जमीन दबाकर उस पर फॉमज़् हाउस बना रखा था। यहां कई प्रजातियों के पेड़ पौधे लगे हैं। आगे की जगह उद्यानिकी विभाग के नाम आवंटित है। ऐसे में पूरा क्षेत्र हरियाली से परिपूणज़् है। इसमें सवज़्सुविधायुक्त उद्यान विकसित किया जा सकता है। भेड़ाघाट और उससे आगे शहपुरा की तरफ शहर तेजी से बढ़ रहा है। जबलपुर-भोपाल हाइवे बनने से विकास में गति आई है। ऐसे में एक दशक के भीतर यहां बड़ी बसाहट हो सकती है। उस लिहाज से क्षेत्र के निवासियों के साथ जबलपुर और देश-विदेश से आने वाले पयज़्टकों को घूमने के लिए नया स्पॉट मिल जाएगा। अभी लोग भेड़ाघाट में धुआंधार, पंचवटी, चौसठ योगिनी मंदिर घूमकर वापिस चले जाते हैं।

### लैंड बैंक के रूप में चिन्हित

मध्यप्रदेश इंडस्ट्रीयल डेवलमेंट कारपोरेशन (एमपीआइडीसी) को शासन की तरफ से 63 हेक्टेयर जमीन आवंटित की गई थी। कारपोरेशन भी अब तक कोई पुख्ता योजना इसके उपयोग की नहीं बना पाया है। माढ़ोताल में उद्योग विभाग की जमीन के साथ भी यही हुआ। उसका बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को आवंटित कर दिया गया।

### फेंसिंग कराना भी भूले

यह ऐसी जगह है कि यदि रखरखाव और सुरक्षा नहीं की गई तो पुन~ कब्जे हो जाएंगे। कुछ लोगों ने अभी तक कब्जा छोड़ा भी नहीं है। शहर में माफिया अभियान के अंतगज़्त खाली कराई गई ज्यादातर जमीनों का यही हाल है। यहां फेंसिंग तक नहीं की गई।

### यह है स्थिति

**खैरी में 157 एकड़ शासकीय भूमि है।**
**यह एमपीआईसी के नाम पर दजज़् है।**
**50 एकड़ जमीन पर था अतिक्रमण।**
**कुछ क्षेत्र पर अभी तक हो रही खेती।**
**हजारों की संख्या में लगे हैं पेड़ पौधे।**
**नमज़्दा नदी महज 400 मीटर की दूरी पर।**

## ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर मांग पत्र सौंपा

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य उप महाप्रबंधक से ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन के भर्ती की बंद प्रक्रिया को जल्द से जल्द चालू करने एवं सकरिया स्टेशन में कुछ ट्रेनों का स्टॉप देने उप महाप्रबंधक से मिलकर मांग पत्र सौंपा सरपंच प्रतिनिधि दीपक सिंह दीपू ने ललितपुर सिंगरौली रेल सतना रीवा दोहरीकरण रेल लाइन के बिरहुली सकरिया एवं रीवा सीधी सिंगरौली छतरपुर पन्ना सतना भूमि किन किसानों को भूमि का अधिग्रहण 11/11/2019के पहले किया गया है और जो किसान पात्र है तो सभी किसानों को जल्द से जल्द कानून के तहत नौकरी दी जाए भर्ती की बंद प्रक्रिया को जल्द से जल्द चालू किया जाए एवं सतना रीवा रेल रेलखंड के सकरिया स्टेशन में जबलपुरइंटरसिटी(22190) रेवांचल एक्सप्रेस (12186) रीवा आनंद विहार (12427) ट्रेनों का साकरिया स्टेशन में 2मिनट का स्टॉप देने की भी मांग की उपयुक्त विषय में उप महाप्रबंधक ने अविलंब कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।



## बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** बघेली ब्रिज के पास सड़क हादसे में घायल हुए एक अधेड़ ने इलाज के दौराम दम तोड़ दिया। मृतक अपने भांजे के साथ स्कूटी में सवार होकर घर आ रहे थे तभी सामने से आ रही बुलेरो ने टक्कर मार दी जिसमें अधेड़ और स्कूटी चालक को हाथ पैर में गंभीर चोट आई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना अधारताल में रोहित सिंह राजपूत उम्र 31 वर्ष निवासी रविदास वार्ड सुहागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पिता श्यामनंदन सिंह राजपूत अपनी एक्सिस में भांजे आकाश सिंह के साथ किसी काम से चाटी की ओर गये थे दिनांक 9-8-23 की दोपहर लगभग 2 बजे वापस आ रहे थे जैसे ही बघेली ब्रिज के पहले हाईवे रोड में चाटी क्रास कर रहे थे तभी पनागर की ओर जाने वाली बुलेरो क्रमांक एमपी 20 टीए 2577 के चालक ने तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसके पिता जी एक्सिस में टक्कर मार दिया जिससे उसके पिता एवं भांजा दोनों एक्सिस सहित गिर गये जिन्हें काफी चोटें आई , उक्त बुलेरो क्रमांक एमपी 20 टीए 2577 के चालक ने दोनों को उपचार हेतु मेट्रो अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पिता श्यामनंदन सिंह राजपूत उम्र 55 वर्ष की मृत्यु हो गयी है पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये बुलेरो चालक के विरूद्ध धारा 279, 337, 304 ए भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## लोडेड पिस्टल लहराते हुए बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** रामपुर चौकी पुलिस ने हाथीताल गोरखपुर में लोडेड पिस्टल लहराते हुए आदतन अपराधी अनुज रैकवार उर्फ तनु निवासी बृजमोहन नगर टेंडर-2 को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस ने लोडेड पिस्टल जप्त की है। उक्त कार्रवाई रामपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शेष नारायण दुबे के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा की गई है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी गोरखपुर अरविंद चौबे, चौकी प्रभारी रामपुर शेष नारायण दुबे, प्रधान आरक्षक दिनेश गुर्जर आरक्षक सुजीत मिश्रा आरक्षक सुजीत त्रिपाठी क्राइम ब्रांच के सहायक उपनिरीक्षक अजय पांडे प्रधान आरक्षक संजय मिश्रा आरक्षक इस्माइल प्रदीप रंजीत की अहम भूमिका रही।



लापरवाही

लाखों की योजना काम धेले का नहीं

# बिजली उपभोक्ताओं के मीटर में लगे क्यूआर कोड पड़ गए धुंधले

**जबलपुर, यशभारत।** बिजली उपभोक्ताओं के मीटर में लगे क्यूआर कोड गायब हो गए हैं। कहीं क्यूआर कोड की स्याही मिट गई है। जिस वजह से कोड स्कैन मीटर रीडर नहीं कर पा रहे हैं। इसका लाभ कई मीटर रीडर मनमानी रीडिंग से कर रहे हैं। दरअसल, कंपनी ने 2022 में मीटरों में क्यूआर कोड लगाए थे। जिसके बाद रियल टाइम रीडिंग होने का दावा किया था। इस वजह से हर उपभोक्ता के मीटर में क्यूआर कोड चस्पा करवाए गए थे लेकिन स्थिति यह है कि स्टीकर की गाद सूखने की वजह से मीटर से क्यूआर कोड उखड़ गए हैं, तो कहीं क्यूआर कोड ही धुंधले हो गए जिससे उसे स्कैन नहीं किया जा सकता है। अब मीटर रीडर इसी खामी का लाभ उठाकर घर बैठे ही रीडिंग दर्ज कर रहे हैं बाद में जब एक मुश्त रीडिंग होती है तो बढ़े बिल देखकर उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं।

बताया जाता है कि रीडिंग समय पर नहीं होने से बहुत से उपभोक्ताओं के अनाप-शनाप बिजली बिल की शिकायत लेकर दफ्तर पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार मीटरों की रीडिंग में लापरवाही होने के कारण उपभोक्ताओं के बिजली के बिल का बजट बिगड़ रहा है। कई उपभोक्ताओं को घरों में दो-दो माह तक मीटर की रीडिंग के लिए रीडर नहीं पहुंच रहे हैं। इस दौरान उपभोक्ताओं को औसत बिल भेजे जाते हैं , लेकिन जब रीडिंग की जाती है तो उपभोक्ताओं का टैरिफ बदल जाता है। जिसके कारण बिल बहुत अधिक बढ़ रहा है। जब इस रीडिंग को सुधरवाने के लिए पहुंचते हैं उनको रीडिंग की जानकारी दे दी जा रही है। मीटर रीडरों की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

**शिकायतों का निराकरण**- उपभोक्ताओं के बिल बढऩे के बाद उनकी शिकायत का निराकरण भी नहीं किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को रीडिंग सही होने की बात कह कर टहलाया जा रहा है। बिल का सुधरवाने के लिए जगह-जगह भटक रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

### फैक्ट फाइल

**शहरी क्षेत्र में करीब 3 लाख मीटर - प्रति मीटर क्यूआर कोड की लागत - 70 पैसे प्रति मीटर**
**ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन 2 लाख 50 हजार मीटर**
**लागत 70 पैसे प्रति मीटर कुल लागत तकरीबन 4 लाख रुपये**

> **सभी उपभोक्ताओं के यहां क्यूआर कोड लगवाए गए हैं। शिकायत मिलने पर उन्हें बदल दिया जाएगा। अनेक उपभोक्ता अपनी क्यूआर कोड हटा देते है।**
> **-संजय अरोरा, अधीक्षण यंत्री नगर संभाग**

## भजन शिरोमणि पं. शिव प्रसाद शुक्ला शिब्बू दादा स्मृति समारोह 12 को

**जबलपुर ।** प्रतिष्ठित भजन गायक पंडित शिवप्रसाद शुक्ल शिब्बूदादा स्मृति भजनांजलि, पुष्पांजलि एवं अलंकरण समारोह का आयोजन पं. शिब्बू दादा स्मृति समिति के तत्वावधान में 12 अगस्त को सायंकाल 6~30 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। समारोह के संयोजक रविशंकर श्रीवास्तव,श्रीमती साधना शुक्ला,राजेश पाठक प्रवीण एवं आलोक पाठक ने बताया कि समारोह के मुख्यअतिथि डॉ. कृष्णकांत चतुर्वेदी एवं अध्यक्षता डॉ. राजकुमार सुमित्र करेंगे।वरिष्ठ पत्रकार मोहन शशि एवं डॉ. हरिशंकर दुबे विशिष्ठ अतिथि होंगे।इस अवसर पर प्रतिष्टित कलाकारों द्वारा शिब्बूदादा के भजनों का प्रस्तितिकरण किया जाएगा।आयोजन समिति से नीता तिवारी,अर्चना तिवारी,शानू दुबे,सीमा दुबे, मेजर संजीव तिवारी ने उपस्थिति का आग्रह किया है।



### नाम सुधार

मैं संध्या पति रतनेश कुमार यह घोषणा करती हूँ कि मेरी पुत्री केन्द्रीय विद्यालय ओ.एफ. के (खमरिया) जबलपुर में कक्षा 6वीं की छात्रा है। मेरी पुत्री के शाला के रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम दर्शिका दर्ज है। जो कि मेरी पुत्री का अधूरा नाम है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरी पुत्री का पूरा नाम दर्शिका मेहरा दर्ज है जो कि सत्य व सही है। यह कि दर्शिका एवं दर्शिका मेहरा ये दोनों ही नाम मेरी पुत्री के ही नाम है। अतः मेरी पुत्री के शाला के रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम सुधारकार दर्शिका मेहरा दर्ज किया जाए। मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाए।

**अधुरा नाम- दर्शिका**
**पूरा नाम- दर्शिका मेहरा**
**पता- म.नं. 39, ग्राम पडरिया, गंगई, जबलपुर**

## » न्यूज गैलरी

### श्रीवास सेन समाज ने की विधायक नंदनी मरावी से भेंट



**सिहोरा, यश भारत।** नगर के सेन समाज ने विधायक नंदनी मरावी से संघ के अध्यक्ष सुग्रीव श्रीवास पप्पू के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर उनके कार्यालय में पहुंचकर भेंट कर ज्ञापन सौंपा विधायक ने जल्द विचार करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी, समाज के उपाध्यक्ष भरत श्रीवास, कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास, सचिव रुपेश श्रीवास, सह सचिव किशन श्रीवास, महासचिव विराज श्रीवास, घनश्याम मुरारी,बल्लू राम, आकाश सेन, संजय कान्हा, सोनू, मोनू, विनय, संजय, मनोज, अनुज, अशोक, संजय, संदीप, किशन, मदन प्रकाश, लव कुश, सुशील, विकास आशु सोहन मोहन किशन महाजन आदि सभी भाई उपस्थित थे।

### अगले 10वर्षो तक नहीं बनाया जाएगा सैलबाड़ा को परीक्षा केंद्र

**तेंदूखेड़ा, यश भारत।** कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा के दौरान विज्ञान का पेपर लीक होने के बाद चर्चा में आए सैलबाड़ा परीक्षा केंद्र को लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सख्त निर्णय लिया है और अब आगामी 10 वर्षो तक इस स्कूल को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। वहीं इसके साथ ही पेपर लीक किए जाने के दौरान ड्यूटी कर रहे सभी शिक्षकों को मंडल के समस्त परिश्रामिक कार्यों से सदेव के लिए बंचित कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि सैलवाड़ा परीक्षा केंद्र वर्ष 2023-24 से 2033 तक 10 वर्ष तक परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अलावा पेपर लीक मामले में गोपनीयता भंग करने में लिप्त शिक्षकों को मंडल के समस्त परिश्रामिक कार्यों से सदेव के लिए बंचित कर दिया गया है। ज्ञात हो कि 20 मार्च को सेलवाड़ा परीक्षा केंद्र से 10वी का विज्ञान का पेपर लीक हो गया था और मामला तूल पकड़ने के बाद जांच करते हुए पुलिस ने लगभग 10 आरोपी बनाए थे।

### गहोई वैश्य महिला मंडल का श्रावण महोत्सव आयोजन



**सिहोरा, यश भारत।** गहोई वैश्य समाज खितौला बाजार एवं गहोई वैश्य महिला मंडल के तत्वाधान में श्रावण सावन महोत्सव का आयोजन एस एस कालेज की पूर्व प्राचार्य डॉक्टर अरुणा पांडे के मुख्यातिथ्य एंव महाकौशल गहोई वैश्य महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा सरावगी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि ने मैथलीशरण गुप्त जी के साहित्य की व्याख्या आधुनिक समाज के परिपेक्ष्य में अत्यंत प्रभावपूर्ण तरीके से की। गहोई वैश्य समाज अध्यक्ष प्रकाश चंद चौदहा, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सुधा पहारिया,वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती शकुन सरावगी,सचिव श्रीमती आरती नायक ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के जजमेंट के लिए पधारी श्रीमती कार्तिका गुप्ता,श्रीमती संगीता सिंघई ने गुप्त के बारे में स्वलिखित रचनाओं द्वारा विचार प्रकट किए।

### आई फ्लू निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित

# मानव स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा : विधायक पटेल

**नरसिंहपुर गोटेगांव, यश भारत।** नई कृषि उपज मंडी प्रांगण में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं मोनूभैया मित्र मंडल के मार्गदर्शन में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि बढ़ती आई फ्लू बीमारी के रोकथाम के लिए एक जनसेवा के तहत यह सतत प्रयास किया जा रहा है कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक जालमसिंह पटेल द्वारा सर्वप्रथम शिक्षा की देवी सरस्वती मैया के तैलचित्र पर माल्यार्पण ,दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन करने के बाद उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय मणिनागेंद्रसिंह मोनू पटेल की जनसेवा के जो कार्य थे उन्हें आगे बढ़ाने की हम सबको जरूरत है। मानव स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा उनके स्वास्थ्य के लिए हर संभव प्रयास किया जाना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है।





### दी भावभीनी श्रद्धांजलि

फाउंडेशन के नाम से आयोजित किए जाने वाले इस शिविर में स्वर्गीय मणिनागेंद्रसिंह की श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ समाजसेवी एवं नागरिकों द्वारा स्वर्गीय युवा नेता मोनू पटेल की फोटो पर पुष्पहार अर्पित करते हुए नम आंखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कि गई इस दौरान फाउंडेशन के प्रमुख सदस्य पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार, जिला उपाध्यक्ष निधानसिंह पटेल ,सांसद प्रतिनिधि पं.संतोष दुबे ,दादूराम पटेल, पं.जितेंद्रचौबे ,सतीश पटेल ,राजेश राजपूत ,राजेश झरिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। शिविर के आयोजन में विशेष डॉक्टरो में सहयोगी संस्था दादा वीरेंद्रपुरी आई इंस्टीट्यूट, परामर्श दाता डॉ.पवन स्थापक, डॉ.आलोक मिश्रा ,डॉ.धीरेंद्र राजपूत एवं सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र गोटेगांव से परामर्शदाता एस एस धुर्वे, बीएलओ इंदलसिंह दंडोतिया ,एस एस ठाकुर,एन.के महलवार सहयोगी रहे। शिविर में 1835 नागरिको ने पहुंच कर स्वास्थ्य लाभ की जांच करने पर उन सभी मरीज को निशुल्क दवा प्रदान की गई।

### जन जागरूकता हेतु निकाली गई वाहन रैली

क्षेत्रवासियों में स्वास्थ्य के प्रति नागरिकों में जागरूकता लाने के लिए नगर के मुख्यमार्गो से जन जागरूकता लाने हेतु सैकड़ों वाहनों की रैली के माध्यम से मानव स्वास्थ्य के संरक्षण हेतु नागरिकों को जागरूक करते रैली का आयोजन किया गया समापन शिविर स्थल पर होने के पश्चात कार्यक्रम आयोजक निजामसिंह भदौरिया (करन ठेकेदार) द्वारा समाजसेवियों वरिष्ठ नागरिकों एवं अतिथिगणों का सम्मान किए जाने के उपरांत शिविर में पधारे अतिथियों व मरीजों के लिए भोजन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई 7 शिविर में नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा 7इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक निजाम भदोरिया (करन ठेकेदार ) जितेंद्र ठाकुर ,वीरेंद्र तिवारी ,राजेश झारिया, आशीष राय ,निखिल खटीक ,हेमंत झरिया ,धीरज ताम्रकार ,मोहित सेन शानू ठाकुर ,विक्की जैन ,शोभितराय सहित अनेक जनप्रति निधि गणमान्य नागरिक फाऊंडेशन सदस्य गण एवं मोनूभैया मित्र मंडल सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नव नियुक्त भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल खेमरिया का हुआ स्वागत



**नरसिंगपुर, यश भारत।** आगामी चुनाव को लेकर,नरसिंगपुर गोटेगांव स्थानीय होटल में भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन मुख्य अतिथि महामंत्री ठाकुर राजीवसिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई सर्वप्रथम भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर तिलक रोरी लगाकर माल्यार्पण कर उपस्थित अतिथियों का तिलक रोरी लगाकर स्वागत के दौरान नव नियुक्त भाजपा विधानसभा मीडिया प्रभारी राहुल खेमरिया का पुष्पहारो से स्वागत किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में कार्यकर्ताओं के साथ रूपरेखा एवं रणनीति तैयार कर पार्टी द्वारा चुनाव के संबंध में जैसे ही निर्देश प्राप्त होते हैं उन निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियों के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी द्वारा किए गए जनहित के कार्यों को जन जन तक पहुंचाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन हितैषी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए ग्रामों व शहरों में प्रचार प्रसार कर जागरूक करने को लेकर विचार विमर्श किया गया ताकि आगामी चुनाव में गोटेगांव विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीत हासिल कर सके। बैठक का संचालन जितेंद्र चांदोरिया एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार प्रदर्शन ग्रामीण मंडल महामंत्री सीताराम पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता मोहनसिंह पटेल ,पूर्व विधायक हाकमसिंह चढ़ार, बाबूलाल पटेल, राजकुमार जैन, जिला उपाध्यक्ष निधानसिंह पटेल ,ग्रामीण मंडल प्रभारी शंकर चौधरी , भानुमति तिवारी, अर्चना चौकसे ,उमा पारासर सहित अनेक जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सीएम राइज विद्यालय से रैली निकालकर मतदाताओं को दिया संदेश



**गोटेगांव, यश भारत।** शासकीय सीएम राइज विद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवको द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्राचार्य श्रीमती एसके सिसोदिया के मार्गदर्शन में रैली निकालकर मतदाताओं को मतदान करने हेतु संदेश देकर जागरूक किया। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश में कुछ ही माह में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए मतदान जागरूकता अभियान शुरू किया गया हैं इसी तारतम्य में नगर में मतदान करने के लिए शाला परिसर से जागरूकता रैली प्रारंभ कर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं ने बुलंद आवाज़ में नारे लगाकर बड़े ही हर्षोल्लास से सभी नागरिकों को सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो, हम सबका अधिकार वोट देना अबकी बार, के नारे लगाकर मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने के साथ ही रैली के माध्यम से शाला प्राचार्य एसके.सिसोदिया ने मतदाताओं को संदेश देते हुए कहाकि आप अपने मत का उपयोग करने के लिए वोट देने जरूर जाए साथही सभी नए वोटरों को भी वोट देने के लिए प्रेरित करते हुए अपने वोट देने के अधिकार का प्रयोग कर देश के विकास में अपनी सहभागिता अवश्य प्रदान करें। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता रैली में समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र -छात्राएं व शाला परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## लाड़ली बहना योजना की तीसरी किस्त वितरण हुई

**पनागर।** लाडली बहना योजना अंतर्गत आज दिनांक 10 अगस्त 2023 को मुख्यमंत्री जी द्वारा रीवा में लाडली बहना को तृतीय किस्त के अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पनागर में महिला बाल विकास विभाग एवं नगर पालिका पनागर के द्वारा नगर पालिका सभा कक्ष में माननीय विधायक सुशील इंदु तिवारी जी के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विधायक जी द्वारा लाडली बहना योजना को महिलाओं की प्रगति में क्रांतिकारी कदम बताया गया कार्यक्रम में विधायक जी द्वारा महिलाओं के अनुभव सुने गए कि 1000 की राशि का किस तरह से उपयोग कर रहे हैं कार्यकर्ता सावित्री कुशवाहा द्वारा लाडली बहन पर गीत भी सुनाया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संयोजक आनंद जैन मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग ,प्रभारी सीएमओ शुभम जैन उपस्थित थे कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष गोवर्धन खेतपाल,अनिल गौतम,शैलेंद्र साहू दिलीप पटेल के के विश्वकर्मा प्रहलाद पटेल राजगुरु बर्मन,देवेंद्र कुशवाहा, उपस्थित थे।

## शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में नवीन भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन



**पनागर।** शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में नवीन भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ,पनागर विधायक श्री सुशील तिवारी ÷इंदू भैया÷ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। माननीय श्री सुशील तिवारी जी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय विकास में योगदान देने के लिये माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी का धन्यवाद किया एवं एम. ए. की कक्षायें प्रारंभ करने हेतु अपना सुझाव प्रस्तुत किया। विधायक जी ने छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री मोहन यादव जी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के विकास हेतु हमेशा सहयोग प्रदान करने का आर्शीवाद प्रदान किया एवं एम. ए. की कक्षायें प्रारंभ करने की घोषणा की, उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को अधिक से अधिक महत्तव देते हुये उनके विषयों को प्रारंभ किया जाये, उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यवसायिक पाठ्यक्रमों से रोजगार के अवसर ज्यादा प्राप्त होते है, इस हेतु जनभागीदारी अध्यक्ष को एक कार्यशाला आयोजन करने के साथ-साथ महाविद्यालय का नाम परिवर्तन करने हेतु प्रस्ताव विभाग को भेजे जाने के लिये कहा गया।

## मेरी माटी मेरा देश : जनसेवा मित्रों ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**पाटन, यश भारत।** राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए मेरी माटी- मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत जबलपुर जिले के पाटन और पनागर ब्लॉक में जनसेवा मित्रों द्वारा ग्राम पंचायतों में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ 7 जिसमें सीएम फैलो नित्या शुक्ला के मार्गदर्शन और निर्देशन में मेरी माटी मेरा देश के तहत पौधारोपण किया गया जनसेवा मित्रों के साथ जनप्रतिनिधियों ने पौधे रोपे। राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने, शहीदों को नमन करने और उनके परिवार को सम्मान देने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है।

इस दौरान पाटन ब्लॉक से जनसेवा मित्र पूजा रजक ने पौधारोपण किया और पर्यावरण का महत्व बताया और पनागर ब्लॉक से जनसेवा मित्र मेघा ठाकुर ने भी आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश के तहत पौधारोपण किया, वही पाटन ब्लॉक से सौरभ मेहरा ने ग्राम पंचायत कुंवरपुर में सरपंच सचिव सहित जनप्रतिनिधि के साथ पौधारोपण किया सभी ब्लॉक में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत सभी ग्राम पंचायतों में 75 पौधों का रोपण किया गया। जो आजादी के 75 वर्ष को स्मरण करते हुए किया गया पौधों का रोपण करके अमृत वाटिका का निर्माण किया गया। मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत चलाए जा रहे वसुधा का संवर्धन वीरों का वंदन अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण से है जनसेवा मित्र पूजा रजक ने बताया कि वसुधा का तात्पर्य रत्नों को धारण करने वाली धरा से है और इसकी सुंदरता को बढ़ाने के लिए पौधारोपण आवश्यक है जिसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।



जनसेवा मित्र सौरभ मेहरा ने कहा कि आज के समय में पौधारोपण बहुत जरूरी है। जिस अनुपात में पेड़ काटे जा रहे हैं, उस अनुपात में लगाये नहीं जा रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पौधे का रोपण करना चाहिए।



जनसेवा मित्र पूजा रजक ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देना है। जिन्होंने निस्वार्थ भाव से मातृभूमि की रक्षा की है। एक पौधा देश के वीर शहीदों के नाम पौधारोपण करें। इस अभियान में अपनी अपनी भागीदारी करते हुए देश के लिये बलिदान देने वालों की याद में पौधारोपण करें



जनसेवा मित्र मेघा ठाकुर ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य शहीद हुए वीरों को सम्मान देना है। जिन्होंने इस देश को बचाने के लिए अपनी आहुति दे दी। इसमें अधिक से अधिक भाग लेकर पर्यावरण संतुलन में योगदान देना चाहिए

## थाना प्रभारी सहित पांच लाइन अटैच, लूट की रिपोर्ट लिखने गए डॉक्टर के साथ की थी मारपीट

**तेंदूखेड़ा, यशभारत।** डॉक्टर के साथ पुलिस थाना तेंदूखेड़ा के स्टाफ द्वारा मारपीट करने के मामले में एसपी ने कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सहित 5 कर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। बुधवार की रात में ही पांचो की रवानगी थाने से कर दी गई है। बता दें कि डॉ. जगत सिंह के साथ रात्रि में बहेरियां नाला के पास अंज्ञात लोगों के द्वारा रास्ता रोककर 68 हजार नगद एवं एक मोबाइल लूटकर ले गए थे। जिसकी रिपोर्ट लिखाने पीड़ित डॉक्टर तेंदूखेड़ा थाने गया था, लेकिन तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी की मौजूदगी में विनीत सिलास एसआई, ब्रजेष तिवारी प्रधान आरक्षक, विशाल वेन एवं देवराज आरक्षक ने डॉक्टर के साथ डंडो से पीट कर मोबाइल में बयान ले रहे थे। पुलिस की मारपीट से जगत सिंह को चोटे आई थी। साथ ही पूरे शरीर पर नीले निशान बने हुए थे। इसके बाद डॉक्टर ने मामले की लिखित शिकायत एसडीओपी तेंदूखेड़ा एसपी दमोह के अलावा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी से भी की गई थीं। मामले में विधायक ने एसपी से बात की साथ ही एएसपी को मामले की जांच के लिए भेजा गया था। जिसके बाद सभी दोषियो को लाईन हाजिर किया गया है। लेकिन भाजपा मंडल के कार्यकर्ता मारपीट के मामले में संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मांग कर रहे है।

## सियार के हमले में महिला बच्चा घायल

**सिहोरा, यश भारत।** सिहोरा वन परिक्षेत्र के हरगढ़ बीट अंतर्गत ग्राम कुर्रे में गत दिवस एक सियार ने पूरे क्षेत्र में आतंक मचा दिया इस दौरान ग्राम की एक महिला एक बालक को घायल कर दिया। सियार ने ग्राम के किसानों के पालतु दुधारू पशु को भी अपना निशाना बनाकर घायल कर दिया था। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा हमले में घायलों का हाल-चाल जाना और मौके पर पीड़ितों को दो दो हजार रुपए की नगद राशि दी7 सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अबरार खान ने बताया ग्राम कुर्रे से वन विभाग का रिजर्व फॉरेस्ट लगा है जंगल में रहने वाला सियार भटक कर ग्राम पहुंच गया और ग्राम की शांति बाई कोल 53 वर्ष तथा बालक बबलू पटेल 7 वर्ष को घायल कर दिया ग्राम पंचायत के सरपंच गजेंद्र सिंह ने घटना की सूचना बीट गार्ड रामचरण रजक को दी सूचना पाते ही एसडीओ वन एम एल बरकड़े के निर्देश पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जे डी पटेल सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी अबरार खान मौके पर गांव पहुंचे अधिकारियों ने हमले में घायल शांतिबाई कोल और बबलू पटेल के घर जाकर उनका हालचाल जाना बीट गार्ड को दोनों मामलों में खितौला पुलिस थाने मैं शिकायत दर्ज कराने तथा चिकित्सीय मुलाहजा पुलिस प्रतिवेदन के आधार पर प्रकरण बनाने के निर्देश दिए।



"ग्राम कुर्रे पिपरिया में पास सटे जंगल से भटक कर सियार पहुंच गया था बीट गार्ड की गश्त ने सियार को जंगल में वापस कर दिया है ग्राम अब पूरी तरह सुरक्षित है फिर भी ग्राम में गश्त जारी है। — **जे डी पटेल**, वन परिक्षेत्र अधिकारी

### धर्मसभा

### धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में आयोजन

# अगर आचार्य ना हो तो लोगों का सहज हो पाना मुश्किल : शंकराचार्य

**गोटेगांव यशभारत।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजा और आचार्य दोनों का कार्य एक जैसा है दोनों ही लोगों को निष्पाप बनाते है इसी कारण इन दोनों की निन्दा न करने का विधान हमारे धर्म शास्त्र बताते हैं आगे पूज्य महाराज श्री ने कहा कि जो लोग अन्याय और अत्याचार करते हैं राजा उनको पकड़ कर दण्ड देकर शुद्ध बनाते हैं और आचार्य के पास लोग स्वयं से जाकर अपने पापों को बताते हैं तो आचार्य उनको प्रायश्चित्त बताकर शुद्ध बना देते हैं यदि ये व्यवस्था न होती तो लोग आत्मग्लानि में ही पडे रहते लोगों को पुनःसहज बनाने के लिए आचार्य का यह कार्य भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है,जिस प्रकार यदि साबुन और झाडू आदि सफाई करने की वस्तुएं संसार में न हों तो गंदगी फैलती जाती है उसी प्रकार यदि आचार्य न हों तो लोगों का सहज हो पाना मुश्किल होगा यजमान राजकुमार शास्त्री, श्रीमति हरिभक्ति तिवारी ,देवकुमार तिवारी (झोतेश्वर) ने पादुका पूजन व व्यासपीठ का पूजन कर शंकराचार्य जी का आशीर्वाद लिया। मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्दजी ,ज्योतिष्पीठ पण्डित आचार्य रविशंकर द्विवेदी शास्त्रीजी गुरुकुल संस्कृत विद्यालय ,उप प्राचार्य पं राजेन्द्र शास्त्रीजी दंडी स्वामी, अमरिसानन्द महाराज ,पं. राजकुमार तिवारी, ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूपजी ब्रह्मचारी सर्वभूतानंदजी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किए 7मंच का संयोजन अरविन्द मिश्र एवं संचालन ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यानन्द ने किया7 धर्मसभा में परमहंसी गंगा आश्रम व्यवस्थापक सुंदर पांडे, ब्रम्हचारी विमलानंदजी पंडित, आनंद तिवारी अन्नूभैया सोहन तिवारी, पं. सुनील शर्मा, माधव शर्मा रघुवीरप्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारी, दीपक शुक्ला, अमित तिवारी,आशीष तिवारी ,बद्री चौकसे ,नारायण गुप्ता, रामकुमार तिवारी ,कपिल नायक सहित बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया7 भगवान की कथा आरती के उपरांत महाभोग प्रसाद ग्रहण का वितरण किया7 चातुर्मास्य के अवसर पर पूज्य शंकराचार्य जी महाराज का गीता पर प्रवचन प्रातः7.30 से 8.30 बजे तक भगवती राजराजेश्वरी मन्दिर में होता है वही श्रीमद् भागवत गीता का ज्ञान परमपूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के अमृतमई मुखारविंद से मेला ग्राउंड स्थित पंडाल पर दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:45 बजे तक होने वाली धर्म सभा में भजनों की प्रस्तुति के साथ ही अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन आयोजित किया जाता है7 गौरतलब है कि 84 दिनों तक चलने वाली भागवत कथा में सभी धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का अमृतमई रसपान कर अपने मानव जीवन को सफल बनाने की अपील चातुर्मास समिति परमहंसी गंगा आश्रम ने की है।



### बढ़ रहीं लूट ओर डकैती की वारदातें

# गुमनाम किरायेदारों की अनदेखी, पुलिस बेपरवाह

**सृजन शुक्ला**

जबलपुर यश भारत। जबलपुर में लोग किरायेदार रख रहे हैं लेकिन इसकी जानकारी पुलिस को ही नहीं है।इससे कुछ संदिग्ध लोग वारदात करके लापता हो जाते हैं लेकिन पुलिस को जानकारी नहीं मिल पाती। किरायेदारों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हो रहा है।

### पुलिस अनजान,,,

कांचघर में स्थित एक घर, सड़क पर होने से कोतुहल का केंद्र बना हुआ है। जिसकी वजह है कि, रोजाना ही यहां पर रहने वालों के चेहरे बदल जाना। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि,रिहायशी इलाके में खुलेआम सराय चलाई जा रही है। इस बार भी कुछ अजनबी उत्तर प्रदेश से रहने आए, जिनकी संख्या लगभग 8 से 10 है तो चर्चाओं का बाजार गर्म हो चला है। पुलिस को इस बात की जानकारी देने के बावजूद भी वह कुछ नहीं करती है। पुलिस की यही अनदेखी किसी बड़ी वारदात की वजह बन जाती है। परिणाम स्वरूप जब लूट और डकैती जैसी वारदातें सामने आती है, तब पुलिस ठीक उसी तरह माथापच्ची करती नजर आती है जैसी वर्तमान में नेपियर टाउन डकैती मे कर रही है। जबलपुर जिले में सुरक्षा संस्थान मौजूद होने के बावजूद, थाना पुलिस की निष्क्रियता के चलते यहां कोई भी वारदात करने के उद्देश्य से जबलपुर में आए और किराए का मकान लेकर रैकी करे और वारदात को अंजाम देकर निकल सकता है। थाना पुलिस को बाहर से आकर उनके थाना क्षेत्र में रहने आये लोगों की कोई जानकारी नहीं रहती। केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस में कुछ होटलों और लॉज की जांच कर इतिश्री कर ली जाती है। जिसके कारण कुछ ऐसी घटनाएं सामने आती है।



### बंगलादेशी डकैतों ने जबलपुर में 4 व कटनी में डाली थी 1 डकैती

पूरे शहर में पिछले दिनों डकैती के चलते दहशत का माहौल व्याप्त था। परंतु यह छोटी-छोटी बातें हैं जिनको अगर ध्यान रखा जाए तो हम इस प्रकार की बड़ी घटनाओं से बच सकते हैं अर्थात कहीं ना कहीं अपने घरों में किराएदार रखने के पहले एक बार उसका पूर्ण रूप से वेरिफिकेशन करवाएं और थाने में उस व्यक्ति की अधिकारिक जानकारी भी दे।पुलिस सूत्रों के अनुसार एक ही क्षेत्र में चार से पांच घटनाएं डकैती की एक ही प्रकार से की गई ।लगभग डकैती की यह घटना उसी गैंग द्वारा की गई जो कि इसके पूर्व भी सभी घटनाओं में संलिप्त थी अर्थात ये बांग्लादेशी नागरिक शहरों में आकर अपनी पहचान बदलकर रहने लगते हैं। लोग इन पर विश्वास करके घरों को अपने चंद पैसों की लालच में किराए पर दे देते हैं । डकैत भी इतने शातिर होते हैं कि अपनी पहचान बदलकर हमारे शहर आते हैं बाकायदा एक से 2 महीने तक रेकी करते हैं और लूट, चोरी, डकैती करते हुए शहर से बाहर निकल जाते हैं।

### घटना 1

#### तिलहरी एटीएम लूट मामला,,,

तिलहरी एटीएम लूट के मामले में भी यह देखा गया था कि दोनों आरोपी भाइयों ने जबलपुर में किराए के मकान में रहकर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपी भाई मनोज पाल एवं सुनील पाल ने रातों-रात पैसा कमाने और आर्थिक तंगी दूर करने के लिये बैंक-एटीएम लूटने का प्लान बनाया। जबलपुर चूंकि इनके लिये सबसे बेहतर विकल्प था, इसलिये योजना के अनुसार दोनों नवम्बर 2021 में गुजरात से जबलपुर आये एवं गुप्त रूप से कैंट क्षेत्र में महावीर कम्पाउंड अंतर्गत रिटायर्ड जेल अधिकारी के यहां किराये का कमरा लेकर रहने लगे। इस दौरान उन्होनें अपने बचाव के लिये किसी भी प्रकार के पहचान पत्र, किसी भी स्थान पर उपलब्ध नहीं कराये एवं मोबाईल का प्रयोग भी कहीं नहीं किया।

### घटना 2

#### मदन महल केसर चौकसे हत्याकांड

कालीमठ में 7 अगस्त को दिन दहाड़े हुई 66 वर्षीय महिला केसरबाई की हत्या का जबलपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बुजुर्ग महिला की हत्या के आरोप में पुलिस ने जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया है उसमें से एक युवक मृतिका के घर पर किराए से दिन तक रहा था। केसर चौकसे की हत्या के आरोप मे मदनमहल थाना पुलिस ने आकाश और दीपक नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया था। महिला के घर पर कुछ और भी किराएदार रहा करते थे। आरोपी आकाश जो कि मूलत: सिवनी जिले का रहने वाला था। उसने तीन मार्च 2022 को मृतिका के घर पर एक कमरा किराए से लिया था। तकरीबन 4 माह तक वहां पर वह रहा। इस दौरान उसने देखा कि मृतिका के पास काफ़ी जेवरात और नकदी है। जिसके बाद अपने दोस्त दीपक पटेल के साथ मिलकर लूट करने की योजना बनाई।

### घटना 3

#### 3 साल किराए से रहे अहमदाबाद बम ब्लास्ट के आरोपी

अहमदाबाद बम ब्लास्ट के मुख्य आरोपी शेख मुजीब और अबू फैजल को एटीएस ने मदार टेकरी क्षेत्र से पकड़ा था बम ब्लास्ट की यह दोनों आरोपी 3 वर्षों से जबलपुर में रहकर फरारी काट रहे थे। गिरफ्तार आतंकियों में अहमदाबाद विस्फोट मामले में वांछित आरोपी शेख मुजीब और मुंबई निवासी अबू फैजल भी शामिल रहे, जिस जांच में यह सामने आया था कि, सिमी ने इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से गठजोड़ कर अपनी भूमिका का विस्तार कर लिया है। रतलाम, जबलपुर और भोपाल में हुई कार्रवाई और आतंकियों से हुई पूछताछ से पता चला था कि आतंकी बैंक लूट जैसी वारदातें करने लगे हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ में यह बात भी सामने आई थी कि वह यहां पर युवाओं को जिहाद करने के लिए उकसाते थे और बड़ी संख्या में युवाओं को अपने संगठन से जोड़कर आतंकी बनाना चाह रहे थे।

### हाई वोल्टेज

## योजनाओं के दौड़ रहे कागजी घोड़े



अनुराग तिवारी

विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है प्रयास जारी है।शीघ्र ही समस्या का निदान किया जाएगा ....यह शब्द वर्षों से कान में घोलकर पिला दिए गए लेकिन स्थिति ढाक के तीन पात ही रही। वर्ष 2025 तक शहर से लेकर ग्रामीण स्तरों की बिजली लाइनों में भारी इजाफा किया जाना है। जिसको लेकर करोड़ों का बजट भी बन चुका है7। बात सही है, विकास होना आवश्यक है, लेकिन मुहैया संसाधनों के बावजूद भी बिजली लाइन कहां तक दुरुस्त हैं यह तो सभी जानते हैं द्य ऐसे में विभाग से भारी-भरकम बजट और कार्य आखिर संभलेगा कैसे ? हाल ही में मूसलाधार बारिश के दौरान बड़े अधिकारियों को याद आया कि वर्षा के पूर्व विद्युत लाइनों का मेंटेनेंस करना था जो हो नहीं सका पूछने पर ज्ञात हुआ कि वर्षा का सीजन कैलेंडर के हिसाब से नहीं बल्कि बारिश के हिसाब से तय किया जा रहा है जिसके चलते हालात यह बने कि उपभोक्ताओं को राम भरोसे ही रहना पड़ा7 अब ऐसे हालातों में भला करोड़ों के विकास कार्य आखिर कैसे होंगे फिलहाल यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना तय है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन का अंदाजा तो लगाया ही जा सकता है। भारी बरसात में उपभोक्ताओं से बिल की वसूली तो पूरी खींची गई लेकिन उनके हिस्से में सिवाए अंधेरे के कुछ भी नहीं आया। योजनाएं अपार तो होती हैं, लेकिन जब वह लागू होती है तो जिम्मेदारों के अलावा उपभोक्ताओं को उसका न्यूनतम लाभ ही मिल पाता है। व्यवस्था नई नहीं है, लेकिन नवीनीकरण के इस दौर में योजनाओं को लागू करने की भी अनेक व्यवस्थाएं कृत्रिम रूप से बना दी गई हैं ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। बिजली महकमे में यह बात और है कि योजनाओं को अमलीजामा पहनाने कागजी घोड़े तेजी से दौड़ाए जाते हैं और यह दावा किया जाता है कि सब कुछ ठीक है लेकिन, यह भी नया नहीं है की व्यवस्था पुराने ढ़र्रे पर जैसे तैसे कछुआ गति से ही चलती है और अंत में उपभोक्ताओं के हिस्से में मारे दर्द के कुछ हाथ नहीं आता। अब इन व्यवस्थाओं की व्यवस्था को दुरुस्त करने की योजना सबसे पहले लागू होनी चाहिए7 इसके बाद ही अन्य योजनाएं फलीभूत होगी नहीं तो विकास तो होगा लेकिन अंधेरा कायम रहेगा।

# रेलवे अस्पताल में लगे 32 कैमरे औचित्यहीन साबित

### घटनास्थल पर नहीं है तीसरी आंख की नजर

**जबलपुर यश भारत।** मरीजों के लिए केंद्रीय रेलवे अस्पताल में आए इंजेक्शन की चोरी के मामले में आरपीएफ टीम द्वारा अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगालने लगी हुई है साथ ही स्टोर विभाग के कर्मचारियों से भी इस मामले में पूछताछ जारी है।



उल्लेखनीय है कि विगत 5 अगस्त के पूर्व केंद्रीय रेलवे अस्पताल के स्टोर से 5-30 लाख के इंजेक्शन चोरी होने की शिकायत अस्पताल प्रबंधन द्वारा आरपीएफ में की गई है इसके बाद से आरपीएफ द्वारा इस चोरी के मामले में अनेक बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूरे घटनाक्रम की हड़ताल की जा रही है ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि इस वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की पतासाजी करने के लिए कर्मचारियों से लगातार पूछताछ जारी है अभी तक की हुई पूछताछ में ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है जिससे कि आरपीएफ आरोपियों तक पहुंच सके उल्लेखनीय है कि केंद्रीय रेलवे अस्पताल 32 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है किंतु जिस स्टोर से भारी मात्रा में इंजेक्शनों की चोरी हुई है वहां पर तीसरी आंख नहीं है जानकारों की माने तो यदि जिस जगह पर कीमती इंजेक्शन रखे हुए थे वहां पर सीसीटीवी कैमरा होता तो यह घटना घटित ना होती इसमें कहीं ना कहीं अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही भी उजागर हुई है/

वहीं इस मामले में आरपीएफ पोस्ट पर भारी श्री मंसूरी के अनुसार अस्पताल प्रबंधन द्वारा शिकायत पर अज्ञात के विरुद्ध रेलवे संपत्ति अधिनियम एक्ट के तहत अपराध दर्ज करने के उपरांत अनेकों कर्मचारियों से इस घटना के संबंध में पूछताछ की गई है/

**केंद्रीय रेलवे अस्पताल मैं इंजेक्शन चोरी का मामला**

#### स्टोर में नहीं लगे सीसीटीवी कैमरे

इस घटना के संबंध में आरपीएफ ने बताया कि जिस जगह से इंजेक्शन चोरी की वारदात सामने आई है उस स्टोर में किसी भी तरह के सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं जिससे कि आरोपियों पर शिकंजा कसा जा सके अस्पताल में अन्य जगह लगे सीसीटीवी फुटेज भी चेक किए जा रहे हैं/

#### इनका कहना है...

नियमित जांच में 2 अगस्त को इस घटना की जानकारी हुई है जिसमें स्टोर में रखे इंजेक्शन मिसिंग हुए इंजेक्शन की कीमत 5 लाख है घटना की शिकायत आरपीएफ में की गई है जिसको विवेचना में लिया गया है/

**आर एन मिश्रा**
**प्रभारी मेडिकल डायरेक्टर**

### मूंग खरीद में हेरा फेरी का मामला

# FPO का कर्मचारी बता कर करवादी वेयरहाउसिंग कर्मचारियों पर FIR

**जबलपुर यश भारत। मझौली में 8 हजार क्विंटल मूंग की हेरा फेरी के मामले में नए खुलासे सामने आते जा रहे हैं। यश भारत को मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में जिन तीन लोगों को आरोपी बनाया गया है। उसमें से दो लोग मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन से ही जुड़े हुए हैं। विश्वत जानकारी के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मझौली थाने में अमर लता फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के प्रबंधक घनश्याम पटेल व दीपक पटेल के खिलाफ 420 का मामला दर्ज कराया है। यह दोनों उक्त कर्मचारी मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के भी कर्मचारी बताए जा रहे हैं।**

**अजय पांडे**

एपीओ का प्रबंधक बताया जा रहा घनश्याम पटेल मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन की शाहपुरा ब्रांच के भरतपुर ऊपर कैप का कर्मचारी रहा है। जिसे अधिकारियों के मौखिक आदेश पर सिहोरा में अटैच किया गया था और जुलाई माह तक की सैलरी बना कर शाहपुरा ब्रांच से भेजी गई है। जिस का भुगतान रीजनल ऑफिस से किया जाता है। इसके अलावा दीपक पटेल के विषय में जानकारी मिली है कि वह सिहोरा ब्रांच अंतर्गत आने वाले दर्शनी ओपन कैप में तैनात था। जो आउटसोर्सिंग कंपनी आर बी एसोसिएट का कर्मचारी है। जो एमपीडब्ल्यूएलसी में मैनपॉवर प्रदान करती है। जिसे एफपीओ में कंप्यूटर ऑपरेटर बताया जा रहा है।



मझौली में कार्यवाही की फाइल फोटो

### अधिकारी नहीं पहचानते अपने कर्मचारियों को

इस पूरे मामले में यह सवाल उठता है कि जबकि दोनों उक्त कर्मचारी सिहोरा ब्रांच में ही काम कर रहे थे तो फिर वहां की ब्रांच मैनेजर लक्ष्मी ठाकुर उन्हें कैसे नहीं पहचानती। किस आधार पर दोनों ही कर्मचारियों को एफपीओ का कर्मचारी बात कर एफ आई आर में नाम दर्ज कर दिया गया यह बात समझ के परे है। पूरे मामले में विभाग के आला अधिकारी ने नाम ना बताने की शर्त पर यह पूरी जानकारी प्रदान की है। इसके अलावा और भी कई मामले हैं जिसमें ब्रांच मैनेजर की भूमिका संदिग्ध है। जिसके खुलासे जल्द ही होंगे। इस पूरे घटनाक्रम से तो यही इशारा मिल रहा है कि बड़े अधिकारियों को बचाने के लिए छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर जांच होनी चाहिए। वहीं उक्त दोनों कर्मचारी मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे हैं। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### कौन है एफपीओ का असली मालिक

इस पूरे घटनाक्रम में ब्रांच में पदस्थ अधिकारियों के साथ-साथ एफपीओ संचालकों की भूमिका भी संदिग्ध है। क्योंकि जब किसी एफपीओ को काम मिलता है तो उसे अपने कर्मचारियों व प्रबंधकों की पूरी सूची संबंधित विभागों में देनी होती है। लेकिन अमर लता कंपनी के संबंध में अधिकारियों के पास कोई भी जानकारी मौजूद नहीं है । ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसा कौन है जिसके कहने पर सारे नियमों को ताक पर रखकर इस एफपीओ से काम कराया जा रहा है, और छोटे कर्मचारियों को प्रबंधक बनाकर कौन सी बड़ी मछली अपने आप को बचा रही है।

जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है वह फरार चल रहे हैं। हमारे द्वारा उनकी तलाश की जा रही है साथ ही साथ ये कौन है, कहां के हैं, क्या करते थे यह भी जांच की जा रही है ।

**अभिषेक मिश्रा**
**थाना प्रभारी मझौली**

पौधे अभी लगायें साल भर में फल खायें
सभी प्रकार के फलदार, शोभायमान, वानिकी पौधों की संपूर्ण श्रृंखला एवं व्यावसायिक प्लांटेशन हेतु
खेतों में व्यावसायिक प्लांटेशन ■ टाउन शिप ■ मैरिज गार्डन ■ फार्म हाऊस ■ इनटीट्यूशन
श्री मुकुन्द बायोटेक
प्लांट टिश्यू कल्चर लैब
ग्राम मजीठा, भेड़ाघाट, उड़ना रोड, जबलपुर
मजीठा नर्सरी पौधों का मेगो मार्ट
गायत्री मंदिर द्वार, कृषि उपज के सामने, दमोहनाका रोड, जबलपुर
Mobile: 9300067522, 9300067544, 7089009055

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थलमोलॉजिस्ट
उपलब्ध सुविधायें
+ रेटिना (आँख के परदे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
+ मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
+ ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
+ न्यूरो-ऑपथलमोलॉजी
+ सतमासे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
+ लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL,Lris Claw Lens)
नौदरा ब्रिज, जबलपुर मो. 76102-76101, 9119-99828

SOCE SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
समस्त हड्डी एवं जोड़ रोगों का बेजोड़ इलाज
95758 01022
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर
अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, मॉसपेशियों में खिंचाव-लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
मामजेसिक तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
9826035691 सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

पगड़ी रस्म
।। ऊँ शांति ।।
स्व. श्री संजय अग्रवाल जी
स्व. श्री ओंकार प्रसाद जी अग्रवाल
स्व. श्री संदीप अग्रवाल जी
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य दादा जी ओंकार प्रसाद जी अग्रवाल पूज्य संजय अग्रवाल जी एवं पूज्य संदीप अग्रवाल जी का स्वर्गवास दिनांक 31 जुलाई 2023, सोमवार को हो गया है
पगड़ी रस्म
शनिवार, 12 अगस्त 2023 सायं 4 बजे से
कार्यस्थल - सामुदायिक भवन, दमोह रोड, बरगी कालोनी, पाटन
शोकाकुल परिवार
संकेत अग्रवाल (हनी), जतिन अग्रवाल, यश अग्रवाल
किशनलाल अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल
अनिल, अजय, विनय, आशीष, विकास, विवेक, कपिल, रोमी एवं समस्त अग्रवाल परिवार
प्रतिष्ठान
संदीप ट्रेडर्स, पाटन • विजय किराना, पाटन

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI AMUL MACHO RUPA JOCKEY DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

स्पर्श वूमेन्स क्लीनिक SPARSH WOMEN'S CLINIC
डॉ. स्नेहा टी. मेठवानी
M.B.B.S., D.G.O.
Ex-consultant (Surya Hospital- Mumbai)
वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रसूति विशेषज्ञ
• दर्द रहित प्रसव, हाईरिस्क प्रेगनेन्सी, बांझपन का इलाज, बार-बार गर्भपात होना, दूरबीन द्वारा ऑपरेशन।
• महिलाओं एवं किशोरियों को टीके लगाने की सुविधा उपलब्ध।
• सभी प्रकार के स्त्रीरोग निदान की सुविधा उपलब्ध।
जबलपुर हॉस्पिटल में भी उपलब्ध।
समय: प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 4 बजे तक
M: 9329075441 9552424074
पता- शॉप नं. 13, राइट टाउन स्टेडियम मार्केट, गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लम्ती विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

Health & Home Care Services
We Care Like Family
Quality Care You Can Trust in reasonable charges without any Commissions
One stop solution for All types of health & home care needs by professional & proficient service
Our Services:
Contact Us - Mobile 7488313112, 8538830883

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

GYANAYATAN COLLEGE OF MANAGEMENT
Approved by AICTE New delhi & Affiliated from RDVV, Jabalpur
MBA
ADMISSION OPEN- 2023-24
100% CAMPUS
ST/SC/OBC विद्यार्थियों को शासन के अनुसार स्कॉलरशिप सुविधा
+ HR + FINANCE + MARKETING + IT
Venue : Near Green Valley Public school, Karmeta, Patan Road, Jabalpur
Contact : 9926184814,9589852236 Website : www.gcmjbp.in

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी *, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )